मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-180
03/04/2021

इमारत–ए–शरिया के अमीर–ए–शरियत एवं पूर्व विधान पार्षद हजरत मौलाना सैय्यद वली रहमानी के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 03 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने इमारत–ए–शरिया के अमीर–ए–शरियत एवं पूर्व विधान पार्षद हजरत मौलाना सैय्यद वली रहमानी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि हजरत मौलाना सैय्यद वली रहमानी के इन्तकाल की खबर से बहुत दुखी हूॅ। उनका नाम बिहार एवं देश के मशहूर आलिम–ए–दीन में शुमार होता था। वे ऑल इंडिया मुस्लिम पसर्नल लॉ बोर्ड के महासचिव एवं खानकाह–ए–रहमानिया, मुॅगेर के सज्जादानशीं भी थे। वे रहमानी–30 के संस्थापक थे तथा बिहार विधान परिषद के सदस्य भी रह चुके थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि वे उन्हें जन्नत में अहम मकाम अता करे और उनके परिवार वालों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की ताकत दें।

******